भारत सरकार
भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र
अभियांत्रिकी सेवा वर्ग
तकनीकी सेवाएं प्रभाग

ट्रांबे,
मुंबई-400 085

ई- निविदा आमंत्रण सूचना
निविदा सूचना सं .बीएआरसी/टीएसडी/86/2019-20

<u>निविदा आमंत्रण सूचना के ब्यौरे</u>

1. भारत के राष्ट्रपति की ओर से अधीक्षक अभियंता एवं अध्यक्ष, तकनीकी सेवाएं प्रभाग, भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र, ट्रांबे, मुंबई-400 085 द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु उन पात्र ठेकेदारों से दो भागों (भाग'क'तकनीकी वाणिज्यिक बोली एवं भाग 'ख'– वित्तीय बोली)में ई-निविदाकरण के माध्यम से ऑनलाईन मद-दर निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं जिनका नाम सीपीडब्ल्यूडी, एमईएस, रेल्वे, राज्य पीडब्ल्यूडी, केंद्रीयएवं राज्य सरकारों के सार्वजनिक उपक्रमों/केंद्रीय स्वायत्त निकायों की अनुमोदित सूची में हो अथवाजिन्हें परमाणु ऊर्जा विभाग (पऊवि) में ऐसे महत्वपूर्ण समान कार्य करने का पर्याप्त अनुभव एवं क्षमता हो ।

i) कार्य का नाम : टाटा से भा.प.अ.कें.के बीच लाइन नंबर: 3, ट्रॉम्बे, मुंबई – 400085 का 132kV XLPE केबल का एंड टर्मिनेशन एवं स्ट्रेट थ्रू जॉइंट्स का कार्य।

ii) अनुमानित लागत : **₹ 3,600,000.00**

iii) बयाना राशि : **₹ 72,000.00**

टिप्पणी:- मूल रूप में बयाना राशि को लेखा अधिकारी,भापअ केंद्र,मुंबई,के नाम जारी किसी अनुसूचित बैंक केआवधिक जमा रसीद/,डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक/पे ऑर्डर के रूप में प्रस्तुत करना होगा । बयाना राशि का एक भाग बैंक गारंटी के रूप में भी स्वीकार्य है । ऐसे मामलों में बयाना राशि का कम से कम **50%** या **₹ 20** लाख**,** जो भी कम हो**,** उपर्युक्त निर्धारित रूप में होना चाहिए एवं शेष राशि निविदा भाग 'क' के परिशिष्ट 'क' के अनुसार किसी अनुसूचित बैंक द्वारा जारी बैंक गारंटी के रूप में स्वीकार की जा सकती है ।
विशेष नोट: ईएमडी जमा करना अनिवार्य है। निर्दिष्ट तिथि तक **EMD** न जमा करने से बोलीदाता को अयोग्य घोषित किया जायेगा

(iv)	निविदा दस्तावेज की लागत	शून्य
(v)	निविदा प्रक्रिया शुल्क	**₹ 2124** जिसका भुगतान इलेक्ट्रानिक मोड के माध्यम से ई-भुगतान द्वारा मैसर्स आईटीआई लिमिटेड, नई दिल्ली को जारी किया जाए (अप्रतिदेय) ।
(vi)	समाप्ति की अवधि	**6 (Six)** कैलेन्डर माह।

(vii)	निविदा दस्तावेज खरीदने/डाउनलोड करने के लिए तारीख हेतु अनुरोध (एक्सेल/वर्ड फ़ार्मेट)	**www.tenderwizard.com/DAE** वेबसाइट पर दिनांक 23-10-2019 00:01 बजे से दिनांक 06-11-2019 23:59 बजे तक । विस्तृत एनआईटी केवल देखने केलिए वेबसाइट **www.barc.gov.in** पर भी उपलब्ध है।
(viii)	बोली-पूर्व स्पष्टीकरण की तारीख	बोली-पूर्व शंकाएं भेजने का अंतिम तारीख दिनांक 10-11-2019 23:59 बजे तक है। **ठेकेदारों से अनुरोध है कि दिनांक** 11-11-2019 11:15 (**पूर्वान्ह**), TSD, **मुंबई में बोली-पूर्व बैठक एवं स्थलनिरीक्षण केलिए उपस्थित रहें।** बोली पूर्वक स्पष्टीकरण (**यदि कोई**) दिनांक 13-11-2019 18:15 बजे तक बोली कर्ताओं को इ-मेलद्वारा भेजा जाएगा ।
(ix)	निविदाओं के ऑनलाइन प्रस्तुतीकरण की अंतिम तारीख एवं समय	दिनांक 20-11-2019 23:59 बजे तक ।
(x)	निविदा दस्तावेज, निविदा प्रक्रिया शुल्क, ईएमडी की कीमत के लिए मूल दस्तावेजों की प्रस्तुतीकरण की अंतिम तारीख	दिनांक 21-11-2019 15:00 बजे तक ट्रांबे, मुंबई 400 085 स्थित भापअ केंद्र के सहाय्यक कार्मिक अधिकारी, टीएसडी को मोहरबंदलिफ़ाफेमें, जिस पर कार्य का नाम एवं निविदा संख्या लिखी हो, जमा किया जाए । मूल दस्तावेजों को वरीयत: व्यक्तिगत रूप में प्रस्तुत करें । मूलदस्तावेज गेट में स्थित ड्रॉपबॉक्स में नहीं डाले। तथापि, डाक अथवा कूरियर द्वारा भेजे गए दस्तावेजो पर भी विचार किया जाएगा यदि वे निर्धारित तारीख एवं समय के भीतर प्राप्त हो जाते हैं ।
(xi)	तकनीकी बोली ऑनलाइन खोलने की तारीख एवं समय (तकनीकी वाणिज्यिक बोली)	22-11-2019 15:30 बजे ।
(xii)	पात्र बोलीकर्ताओं की वित्तीय बोलियां खोलने की तारीख	बाद में सूचित किया जाएगा ।

सूचना, पात्रता मानदंड, शर्तें एवं अनुदेश

सूचना :

2. निविदा दस्तावेज दो भागों में अर्थात भाग 'क' (तकनीकीवाणिज्यिक बोली) एवं भाग 'ख' (कीमत बोली) में तैयार किया गया है। भाग 'क' में तकनीकी बोली है यथा : खंड I सूचना ई-टेंडर आमंत्रित (अंग्रेजी और हिंदी संस्करण में एनआईटी),अनुबंध, ज्ञापन, के मार्गदर्शन के लिए समझौते के द्वितीय प्रपत्र और सामान्य नियम और निर्देश अनुबंध III की शर्तें संविदा-सुरक्षा संहिता, स्वास्थ्य के संरक्षण के लिए मॉडल नियम और श्रमिकों के लिए स्वच्छता व्यवस्था, ठेकेदार श्रम नियम और अतिरिक्त शर्तें,निविदाओं के लिए अनुभाग IV विशेष देंश,खंड वी तकनीकी विनिर्देश,अनुभाग VI उपकरणों / घटकों का पसंदीदा बनाना,खंड VII ई-निविदा तकनीकी बोली, (एक्सेल फाइल), विभाग द्वारा आपूर्ति की जाने वाली सामग्रियों की धारा आठवीं अनुसूची (अनुसूची -) ए '),भाग (बी '(वित्तीय बोली) के बारे में बोली लगाने वाले के मार्गदर्शन के लिए अनुभाग IX सूचना,खंड एक्स वित्तीय बोली मैं। ई। मात्रा की अनुसूची (अनुसूची -

’बी’),अनुसूचियों का अनुभाग XI प्रोफार्मा (ए से एफ),सेक्शन XI की टेंडर ड्रॉइंग की सूची परिशिष्ट 'A- बोली सुरक्षा (बैंक गारंटी), परिशिष्ट' B'- प्रदर्शन सुरक्षा के लिए बीजी बॉन्ड का रूप, परिशिष्ट 'C'- सुरक्षित अग्रिम के लिए इंडेंच्योर (सिविल निर्माण कार्य के लिए लागू), अनुबंध' ए '- पुरुषों का वक्तव्य और मशीनरी

भावी बोलीकर्ता या सामान्य जन उक्त दस्तावेजों को वेबसाइट www.tenderwizard.com/DAEपऊवि की निविदाएं भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र से नि:शुल्क देख सकते हैं एवं डाउन कर सकते हैं।

निविदा में भाग लेने के लिए, भावी निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने यूज़र आईडी/पासवर्ड एवं क्लास III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ वेबसाइट **www.tenderwizard.com/DAE** के होमपेज में लॉगिंन करने के बाद भाग - क- तकनीकी वाणिज्यिक तकनीकी वाणिज्यिक शीट वाली तकनीकी वाणिज्यिक बोली, अनुलग्नक क, पूरे किए गए समान कार्यों की सूची एवं हाथ में लिए गए कार्यों की सूची और भाग ‘ख’ अनुसूची ‘ख’ वाली वित्तीय बोली के एक्सेल फार्मेट को डानलोड़ करें। एक्सेल दस्तावेज़ों को डाउनलोड करने के लिए चरण निम्नानुसार हैं।

i) “UNAPPLIED” बटन पर क्लिक करें।
ii) “REQUEST” आईकोन (ब्लू बटन) पर क्लिक करें।
iii) निविदा प्रक्रिया शुल्क का ऑन लाइन भुगतान करें।
iv) “SUBMIT” बटन पर क्लिक करें।
v) “INPROGRESS” बटन पर क्लिक करें।
vi) बोलीकर्ता स्टेटस कॉलम में RECEIVED की सूचना मिलेगी।
vii) निविदा जमा करने की आखरी तारीख तक कितनी ही बार “EDITATTACHMENT” आईकॉन पर क्लिक करके बोलीकर्ता अपेक्षित निविदा दस्तावेज डाउनलोड़ कर सकते हैं।

भावी बोलीकर्ताओंको एक्सेल दस्तावेज़ भरने होगें और उन्हें पुन: नाम (renaming) दिए बिना अपलोड़ किया जाए। कृपया एनआईटी के अनुसार निविदा/ठेका हेल्प डेस्क के प्रस्तुतीकरण हेतु हेल्प मैन्युअल रेफ़र करें। निर्माण संरक्षा मैन्युअल निविदा दस्तावेज का एक भाग है जो वेबसाइट www.barc.gov.in Tenders **पर** उपलब्ध है।

केवल उल्लिखित निविदा क्रय दौरान निविदा आमंत्रण प्राधिकारी के कार्यालय में निरिक्षण हेतु निविदा आरेखों का एकसंच (अनुभाग VI) उल्लिखित कार्यों केलिए निविदाकारों को उपलब्ध कराया जाएगा और बोलीकर्ता, यदि आवश्यक हो तो स्वयंम आकर आरेखों का अध्ययन कर सकते हैं परंतु आरेख वेबसाइट पर उपलब्ध नहीं होंगे।
उपरोक्त सभी दस्तावेज सफलताप्राप्त बोलीकर्ता को कार्यप्राप्त हो जाने के बाद करार का एक भाग होंगे।

पात्रता मानदंड:

3. बोलीकर्ता के पास निम्नलिखित होना चाहिए:
(क) ठेकेदारों के समुचित वर्ग में पंजीयन यदि कोई हो ।
(ख) निविदा खुलने की तारीख से पूर्व एक वर्ष के भीतर जारी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से कम से कम **₹14,40,000.00** के बैंकऋण शोधन क्षमता प्रमाणपत्र।
(ग) दिनांक 31**st March** 2019 को समाप्त पिछले 3 वर्षों के दौरान औसत वार्षिक वित्तीय टर्नोवर कम से कम **₹36,00,000.00** होना चाहिए। यह एक पंजीकृत चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट द्वारा विधिवत लेखा परीक्षित होना चाहिए।
(घ) 31st March 2019 को समाप्त पिछले 5 वर्षों के दौरान दो वर्ष से अधिक में घाटा नहीं हुआ होना चाहिए।

(च) पिछले 7 वर्षों में किए गए समान कार्यों की सूची ।
(छ) कार्य निष्पादन प्रमाणपत्र ।
(ज) समय पर कार्य पूरा करने के लिए निर्माण संयंत्र एवं मशीनरी, उपस्करों, उपसाधनों तथा अन्य अवसंरचनात्मक सुविधाएं ।
(झ) आवश्यक तकनीकी स्टाफ
(ट) जीएसटी के पंजीकरण का मान्य प्रमाणपत्र ।
(ठ) स्थायी खाता सं (पेन) ।
(ड) विद्युत ठेका अनुज्ञापन (केवल विद्युतसंबंधी कार्यों केलिए)।

4. बोलीकर्ता द्वारा आवेदन आमंत्रित किये जाने वाले महीने से पूर्व के महीने के अंतिम दिन को समाप्त होने वाले पिछले 7 (सात) वर्षों में कम से कम प्रत्येक **₹ 14,40,000.00** के लागत के इसी प्रकार के 03 (तीन) कार्य या कम से कम **₹ 21,60,000.00** के लागत के इसी प्रकार के 02 (दो) कार्य या कम से कम **₹ 28,80,000.00** के लागत के इसी प्रकार का 01(एक) कार्य संतोषजनक रूप से (कार्य के क्लायंट द्वारा निष्पादन प्रमाणपत्र पर आधारित) पूरा किया हो ।

इस प्रयोजन हेतु "कार्य की लागत" का तात्पर्य है पूरे हुए कार्य की सकल लागत जिसमें सरकार/क्लायंट द्वारा आपूर्ति की गयी सामग्रियों की लागत शामिल हैं, लेकिन इसमें नि:शुल्क आपूर्ति की गयी सामग्री शामिल नहीं होगी। इसी प्रकार के कार्य का तात्पर्य "110kv या उससे अधिक क्षमता की केबल का टर्मिनेशन एवं अन्य संबंधित कार्य। समान कार्य भारत में निष्पादित किया हुआ होना चाहिए ।

5. निष्पादित कार्य के मूल्य को 7% प्रति वर्ष की सामान्य दर पर कार्य की वास्तविक मूल्य में वृद्धि करते हुए वर्तमान लागत स्तर तक लाया जाएगा जिसका परिकलन पूर्णता की तारीख से निविदाओं के लिए आवेदन प्राप्ति की आखिरी तारीख तक किया जाएगा ।

6. ठेकेदार की बोली क्षमता निविदा में दिए गए कार्य की अनुमानित लागत के समतुल्य या उससे अधिक होनी चाहिए। बोली क्षमता का हल निम्नलिखित सूत्र द्वारा निकाला जाएगा ।

बोली क्षमता =[A x Nx 2] - B
जहां

A =पिछले पांच वर्षों के दौरान किसी भी एक वर्ष में निष्पादित कार्यों का मूल्य जिसमें पूर्ण कार्य तथा प्रगति पर कार्य दोनों को ध्यान में रखा जाएगा । पुरे किए गए कार्यों के मुल्य को 7% की वार्षिक सामान्य दर पर बढाते हुए वर्तमान लागत पर लाना होगा|

N =जिस कार्य के लिए बोली आमंत्रित की गई है उसकी पूर्णता के लिए निर्धारित वर्ष की संख्या ।

B =विद्यमान प्रतिबद्धताओं एवं जिस कार्य के लिए बोली आमंत्रित की गई है उसकी पूर्णता की अवधि के दौरान पूर्ण होने वाले चालू कार्यों का मूल्य ।

7.बोलीकर्ता भारत में एक पंजीकृत फर्म होना चाहिए । संयुक्त उद्यम तथा /अथवा कंसोर्टियम स्वीकार्य नहीं है।

शर्तें

8. निविदा के भाग 'क' के खुलने के पश्चात, मुख्य अभियंता द्वारा एक निरीक्षण दल गठित किया जाएगा जिसके द्वारा निम्नलिखित आधार पर निविदाकारों की क्षमता का मूल्यांकन किया जा सके:-

   क) वित्तीय क्षमता एवं पिछले 5 वर्षों के दौरान उनका टर्नओवर ।
   ख) संबंधित कार्य के संदर्भ में कंपनी की तकनीकी क्षमताएं ।
   ग) पिछले 7 वर्षों के दौरान निविदाकार द्वारा निष्पादित कार्यों का स्वरूप ।
   घ) कंपनी की संगठनात्मक संरचना ।
   च) कंपनी द्वारा संबंधित कार्य करने हेतु अपेक्षित आवश्यक संसाधन ।
   छ) समय एवं गुणवत्ता की सजगता ।
   ज) असंगत दावे एवं विवाद करने की कंपनी की प्रवृत्ति ।
   झ) क्षेत्र नियोजन क्षमता ।
   ट) कंपनी की कार्य को बैक टू बैक/उप किरायेदारी पर सौंपने की प्रवृत्ति

9. भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र में लागू सुरक्षा प्रक्रिया के अनुसार, कार्यशुरू करने से पहले भापअ केंद्र के सुरक्षा अनुभाग द्वारा ठेकेदारों की जांच की जाएगी ।

10. निविदा के भाग 'क' के खुलने के बाद निविदा में किसी प्रकार के संशोधन करने की अनुमति नहीं होगी

11. किसी शर्त या सशर्त छूट वाली निविदाओं को अस्वीकृत कर दिया जाएगा। फिर भी जिन निविदाओं में बिना किसी शर्त के छूट दी गई हो उन्हें स्वीकार किया जाएगा ।

12. यदि आवेदक द्वारा दी गई कोई भी सूचना बाद में गलत पाई जाती है तो उन्हें भापअ केंद्र में भविष्य में हमेशा के लिए निविदाकरण/कोई भी कार्य करने से रोक दिया जाएगा । यदि कार्य शुरू करने से पहले भी किसी भी उल्लंघन की सूचना, विभाग को प्राप्त होती है तो प्रभारी अभियंता ईएमडी/निष्पादन गारंटी को पूर्ण रूप से जब्त करने के लिए स्वतंत्र होंगे ।

13. कार्य को पूरा करने की अवधि की गणना कार्य शुरू करने के लिएया लिखित आदेश मिलने के 15वें दिन से निविदा दस्तावेजों में यथा उल्लिखित, यदि कोई हो, चरणबद्ध तरीके के अनुसार होगी ।

14. निविदा को निविदा के ऑन लाइन प्रस्तुतीकरण के बंद होने की आखरी तारीख से 180 (**एक सौ अस्सी**) दिनों तक वैध रखा जाएगा।

15. यदि निविदा प्रक्रिया शुल्क, ईएमडी के लिए मूल दस्तावेज प्राप्त करने की तथा निविदाखुलने की अंतिम तारीख को छुट्टी घोषित की जाती है तो उक्त तारीख को तदनुसार आगे के कार्य दिवस तक स्थगित माना जाएगा ।

16. उल्लिखित स्थान, तारीख एवं समय पर बयाना राशि जमा जैसा कि लागू है, के लिए किसी अनुसूचित बैंक का मूल डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक/ भुगतान आदेश /फ़िक्स डिपॉजिट रसीद/बैंक गारंटी और निविदा प्रक्रिया शुल्क हेतु इलेक्ट्रानिक विधि द्वारा किए गए ई-भुगतान की रसीद जमा करनी होगी नहीं तो निविदाओं को रद्द कर दिया जाएगा और आगे की कार्यवाही नहीं की जाएगी ।

17. बयाना राशि जमा/निविदा प्रक्रिया शुल्क के लिए चैक स्वीकार नहीं किया जाएगा।

18. ठेकेदार, जिसकी निविदा स्वीकृत की गयी है, द्वारा उनके ठेके की विधिवत पूर्ति हेतु प्रतिभूति जमा के रूप में कार्य के निविदा मूल्य के 2.5% की राशि प्रस्तुत करने की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त ठेकेदार द्वारा कार्य प्रारंभ करने से पहले निविदा मूल्य के 5% की समतुल्य राशि को निष्पादन प्रतिभूति के रूप में जमा करना होगा जो कार्य के प्रारंभ करने की निर्धारित तारीख के बाद नहीं किया जा सकता है। अधिकतम समय ठेकेदार द्वारा निष्पादन प्रतिभूति जमा करने की अवधि, स्वीक्रुति पत्र जारी होने की तारिक से 15 दिनों की होगी. इस अवधि के उपरांत, ठेकेदार अभियंता से दरख्वास्त कर, निष्पादन प्रतिभूति पर 0.1 % प्रति दिन का विलंब शुल्क जमा कर, 1 से 15 दिनों तक कि अवधि और पा सकते हैं. 5% की निष्पादन प्रतिभूति बैंक गारंटी (यदि निष्पादन प्रतिभूति ₹ 1.00 लाख से अधिक हो तो), अनुसूचित बैंक की आवधिक जमा पावती या सरकारी प्रतिभूतियों के रूप में भी स्वीकार की जाएगी।

19. प्रतिभूति जमा की वसूली, ठेकेदार के चालू बिल की कुल राशि के 2.5%की दर से तब तक की जाएगी जब तक कि वसूली गई कुल राशि, कार्य के निविदाकृत मूल्य के 2.5% के बराबर न हो जाए। प्रतिभूति जमा, सरकारी प्रतिभूतियों, अनुसूचित बैंक तथा राष्ट्रीयकृत बैंक की सावधि जमा के रूप में भी स्वीकार किया जाएगा। इन्हें, भापअ केंद्र, मुंबई के लेखा अधिकारी के नाम पृष्ठांकित किया जाएगा। कार्य निष्पादन प्रतिभूति जमा प्राप्त होने पर, सफल बोलीकर्ता की बयाना राशि लौटा दी जाएगी अथवा वापस कर दी जाएगी, परंतु यदि कार्य निष्पादन प्रतिभूति जमा, बैंक गारंटी के रूप में है तो बयाना राशि तभी लौटाई जाएगी जब गारंटी जारीकर्ता बैंक द्वारा इसके सत्यापन की पुष्टि हो जाती है।

20. यदि सफल निविदाकार कार्य प्रारंभ करने की अनुबंधित तारीख को या उससे पहले निर्धारित निष्पादन गारंटी प्रस्तुत करने में विफल रहते हैं तो विभाग (भापअ केंद्र) किसी अन्य अधिकार या उपायपरबिना किसी प्रतिकूल प्रभाव के, उक्त बयाना राशि को पूर्ण रूप से जब्त कर सकते हैं।

21. निविदा की स्वीकृति विभाग के पास सुरक्षित है जो सबसे कम मूल्य की निविदा को स्वीकृत करने के लिए बाध्य नहीं है एवं इसके पास किसी भी निविदा अथवा सभी निविदाओं को बिना कोई कारण बताये अस्वीकृत करने का अधिकार है। वे सभी निविदाएं, जिनमें निर्धारित शर्तें पूरी न की गयी हों अथवा जो किसी भी दृष्टि से अपूर्ण होंगी उन्हें अस्वीकृत कर दिया जाएगा।

22. निविदा के संबंध में किसी भी प्रकार की सिफ़ारिश करना सख्त मना है, जो ठेकेदार सिफ़ारिश करेगा उसकी निविदा अस्वीकृत कर दी जाएगी।

23. निविदा स्वीकृत होने पर ठेकेदार द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के नामों की सूचना प्रभारी अभियंता को दे दी जाए, जो प्रभारी अभियंता से निर्देश लेने के लिये जिम्मेदार होंगे।

24. विभाग समस्त निविदा अथवा निविदा के किसी भाग को स्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है एवं निविदाकार अपने द्वारा दी गयी दर पर कार्य करने के लिए बाध्य हैं।

25. i) जीएसटी का अर्थ होगा माल एवं सेवा कर-केंद्र, राज्य एवं अंतर राज्य।

ii) इस ठेके हेतु ठेकेदार द्वारा प्रापण किए गए निवेशों के संबंध में लागू जीएसटी अथवा अन्य करों का भुगतान ठेकेदार द्वारा किया जाएगा और इस संबंध में किए गए किसी भी दावे पर सरकार द्वारा विचार नहीं किया

जाएगा। तथापी, ठेकेदार द्वारा उपलब्ध कराई गई सेवा (सीजीएसटी अधिनियम, 2017में यथा उपलब्ध) की आपूर्ति के समय जीएसटी के घटकों को सत्यापित किया जाएगा यदि विस्तार सहित निविदा की प्राप्ति की अंतिम तारीख पर लागू घटकों में कोई परिवर्तन हुआ तो ।

iii ठेकेदार को भुगतान किए जाने वाले प्रत्येक बिल से किए गए कार्य के सकल मूल्य के 01% की दर पर श्रम कल्याण उपकर, जीएसटी पर 2% टीडीएस काटा जाएगा ।

iv) ठेकेदार को भुगतान किए जाने वाले प्रत्येक बिल में से यथा लागू आय कर एवं उप कर काटे जाएंगे ।

v) ठेकेदार ईपीएफ एवं ईएसआईसी के अधीन पंजीकृत होना चाहिए और कानून के अनुसार अथवा यदि भाग कहता है तो ठेके के कामगारों हेतु ईपीएफ एंव ईएसआईसी का भुगतान ठेकेदार द्वारा संबंधित विभाग को किया जाएगा तथा इसकी प्रतिपूर्ति विभाग द्वारा बाद में तब कर दी जाएगी जब उन्हें इस बात की संतुष्टि हो जाएगी कि ठेकेदार द्वारा वास्तव में और प्रमाणिक रूप से भुगतान कर दिया गया है । बोलीकर्ता अपनी दरों में ईपीएफ एवं ईएसआईसी इत्यादि को शामिल न करें ।

ठेकेदार सभी पात्र कर्मचारियों / श्रमिकों / मजदूरों के संबंध में ईपीएफ अधिनियम, 1952 के प्रावधानों का पालन करेंगे और प्रत्येक आरए विधेयक के साथ नियमित रूप से दस्तावेजी प्रमाण प्रस्तुत करेंगे।

vi)ठेकेदार को भुगतान किए जाने वाले प्रत्येक बिल में से यथा लागू आय कर एवं उप कर काटे जाएंगे ।

26. यदि कोई निविदाकार वैधता की अवधि से पहले निविदा वापस लेता है अथवा निविदा की निबंधनों और शर्तों में ऐसे संशोधन करता है जो कि विभाग को मान्य न हो तो सरकार अन्य किसी अधिकार या कार्रवाई पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना संपूर्ण बयाना राशि की 50% (पचास प्रतिशत) धनराशि को ज़ब्त करने के लिए स्वतंत्र होगी । इसके अतिरिक्त, निविदाकार को कार्य की पुन: निविदाकरण प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

27. सफल निविदाकार को कार्य सौंपने के पश्चात, ठेकेदार सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन हेतु समय सारणी एवं नकदी प्रवाह विवरण प्रस्तुत करेगा जो करार का एक भाग होगा ।

28. जिन सफलनिविदाकारों की निविदा स्वीकार की जाएगी उन्हें बीएआरसी के अंदर काम करने वाले अपने सभी कार्यकर्ताओं जैसे: इजीनियरों, पर्यवेक्षकों एवं मज़दूरों का अपने खर्चे पर पुलिस की विशिष्ट शाखा द्वारा जारी पुलिस सत्यापन प्रमाणपत्र (पीवीसी) प्राप्त करना आवश्यक होगा और जिसे तद्नुसार ही कोट किया जाए । पीवीसी तीनवर्ष के लिए वैध रहेगा ।

यदि सुरक्षा जांच के परिणामस्वरूप ठेकेदार/कंपनी/फर्म/मालिक और/अथवा उनके ठेके के कार्मिक के विरुद्ध कोई प्रतिकूल चार्टर और पूर्ववर्ती अभ्युक्तियां/ अधिसूचना प्राप्त होती है तो कोई कारण बताए बिना/कारण बताओं नोटिस दिए बिना ठेकेदार की सेवाएं तुरंत समाप्त करने का अधिकार भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र के पास सुरक्षित हैं । भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र द्वारा उक्त कार्रवाई के फलस्वरूप परिस्थितियों के तहत किसी नुक्सान/दायित्व हेतु दावे का अधिकार ठेकेदार के पास नहीं होगा । समय-समय पर पऊवि/भापअ केंद्र द्वारा जारी सुरक्षा अनुदेशों के पालन/अनुसरण में ठेकेदार की ओर से होनेवाली असफलता हेतु सरकार के अधिकार में मौजूद कार्यनिष्पादन सुरक्षा और/अथवा सुरक्षा जमा का कुछ भाग/पूर्ण भाग जब्त करने का अधिकार भी भापअ केंद्र के पास सुरक्षित है।

अनुदेश :

29. ठेकेदार **www.tenderwizard.com/DAE**के साथ पंजीकृत होना चाहिए। जो ठेकेदार ऊपर उल्लेखित वेबसाइट पर पंजीकृत नहीं होंगे, उन्हें पंजीकृत होने की आवश्यकता है। यदि आवश्यक हो, वेबसाइट पर उपलब्ध ब्योरे के अनुसार, उन्हें ऑनलाइन बोली प्रक्रिया के लिए प्रशिक्षण दिया जा सकता है।

30. इच्छुक बोलीकर्ता के पास बोली प्रस्तुत करने के लिए वैध क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर होना चाहिए।

31. अनुसूचित बैंक का डिमांड ड्राफ्ट अथवा पे ऑर्डर अथवा बैंकर्स चेक अथवा सावधि जमा रसीद एवं बैंक गारंटी और आईटीआई लिमिटेड, नई दिल्ली के नाम प्रक्रिया शुल्क के लिए इलेक्ट्रॉनिक विधि के माध्यम से ई भुगतान एवं यथा विनिर्दिष्ट अन्य दस्तावेज अपलोड करने के बाद ही बोली प्रस्तुत की जा सकती है।

32. उपरोक्त उल्लिखित समय तथा तारीख तक निविदाएं प्राप्त हो जानी चाहिए । उपरोक्त उल्लिखित समय एवं तारीख पर भाग 'क' (तकनीकी बोली) खोला जाएगा। सर्वप्रथम निविदा प्रक्रिया शुल्क की रसीद एवं ईएमडी की जांच की जाएगी। यदि इन्हे सही पाया गया तो भाग 'क' खोला जाएगा। भाग 'क' खोलने के पश्चात,मूल्यांकन के लिए ठेकेदारके जारी /पूर्ण किए गए कार्य क्षेत्र एवं कार्यालय का निरीक्षण किया जाएगा और उनके दस्तावेजों से संबंधित तकनीकी वाणिज्यिक बोली कामूल्यांकन किया जाएगा और तदनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा निविदाकारों को योग्य/अयोग्य घोषित किया जाएगा। तब योग्यताप्राप्त सफल निविदाकारों का निविदा का भाग 'ख' (वित्तीय बोली) को अधिसूचित तारीख एवं समय पर खोला जाएगा। भाग 'ख' (वित्तीय बोली) खुलने की तारीख की सूचना सभी बोलीकर्ताओं को ई-मेल द्वारा भेजी जाएगी।

33. निविदा खुलने की तारीख के दिन, ठेकेदार लॉग इन करके बोली खुलने के बाद उसकी स्थिति देख सकते हैं।

34. ठेकेदार प्रत्येक मद की दर कोट करना सुनिश्चित करें। अंकों में दर कोट करने वाला कॉलम पीले रंग का है तथा जैसे ही दर की प्रविष्टि हो जाती है, यह आसमानी नीला रंग में बदल जाएग। इसके अतिरिक्त, कोई भी सेल चुनते (सिलेक्ट) समय एक चेतावनी दिखाई देगी कि यदि कोई सेल खाली छोड़ा जाता है तो उसे "O" (शून्य) समझा जाएगा। इसलिए यदि कोई सेल खालीछोड़ा जाता है और बोलीकर्ता कोई दर कोट नहीं करता है तो उस मद की दर "O" (शून्य) समझी जाएगी।

35. मूल प्रति से स्कैन किए जाने वाले दस्तावेजों की सूची जिन्हें बोलीकर्ता द्वारा बोली प्रस्तुतीकरण की अवधि के भीतर अपलोड करना है :-

(i) चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट द्वारा प्रमाणित वित्तीय कारोबार।
(ii) चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट द्वारा प्रमाणित लाभ एवं हानि विवरण।
(iii) नवीनतम बैंक ऋणशोधन क्षमता प्रमाणपत्र।
(iv) निर्माणसंयंत्र एवं मशीनरी की सूची।
(v) तकनीकी कर्मचारियों की सूची।
(vi) प्रमाणपत्र:
क. पंजीयन प्रमाणपत्र, यदि कोई हो तो।
ख. कार्य अनुभव प्रमाणपत्र/निष्पादन प्रमाणपत्र।
ग. जीएसटी पंजीकरण का प्रमाणपत्र।
घ. टिन पंजीयन प्रमाणपत्र।
च. पैन (स्थायी खाता संख्या) पंजीयन

(vii) ईएमडी के लिए किसी अनुसूचित बैंक का एफडीआर/ डिमांड ड्राफ्ट/पीओ/बीसी हो।
(viii) ईएमडी, यदि कोई है, के लिए किसी अनुसूचित बैंक की बैंक गारंटी।
(ix) यह वचन (अंडरटेकिंग) कि इसी प्रकार का कार्य बैक टू बैक आधार पर दूसरे ठेकेदार के माध्यम से निष्पादित नहीं कराया गया है।
(x) भाग क: खंड II तथा ठेके की सामान्य शर्तों केखंड (क्लाउज) 11 के अनुसार वचन (अंडरटेकिंग)।

टिप्पणी : तकनीकी मूल्यांकन के दौरान यदि कोई दस्तावेज नहीं पाया जाता है तो निरीक्षण समिति उसे प्रस्तुत करने के लिए कह सकती है।

36. बोलीकर्ता को निम्नलिखित भरना है:
क) भाग 'क' (तकनीकीवाणिज्यिक- बोली)।
ख) कार्य के लिए प्रस्तावित मानवशक्ति एवं मशीनरी (अनुलग्नक 'क')।
ग) पिछले सात वर्षों के दौरान पूर्ण समान कार्यों की सूची।
घ) चालू कार्यों की सूची
च) अनुसूची 'ख' (वित्तीय बोली)

टिप्पणी:

1. पंजीकृत ठेकेदार ही आवश्यक शुल्क का भुगतान करने के बाद निविदा खरीद/डाउनलोड एवं प्रस्तुत/अपलोड कर सकते हैं।
2. इच्छुक एजेंसियां पंजीकरण हेतु **www.tenderwizard.com/DAE** वेबसाइट देख सकती हैं।
3. ई निविदाकरण में पंजीयन एवं सहभागिता हेतु सहायता के लिए निम्न व्यक्तियों से संपर्क करें :
क. श्री रुद्रेश मोबाइल नं.: 09969395522अथवा ईमेल :**twhelpdesk231@gmail.com**
ख**.** श्री मत्युंजय महापात्रा: 09969313423 अथवा ईमेल :**twhelpdesk704@gmail.com**
ग. Tender wizard Help Desk -080 404 82000 (प्रात:9 बजे से सांय 6 बजे तक – सोमवार से शनिवार)
अथवाTender Wizard Help desk – 022 25487363 (10am to 6pm – Mon to Friday)

4. किसी प्रकार की सहायता/स्पष्टीकरण के लिए
To: dominicm@barc.gov.in (022) 25590246, rgpillai@barc.gov.in (022) 25592737
Cc: virendra@barc.gov.in (022) 25595665

5. टिप्पणी: यदि एनआईटी के अंग्रेजी एवं हिंदी पाठ के बीच कोई अंतर हो तो अंग्रेजी पाठ को सही माना जाए।

अधीक्षक अभियंता एवं अध्यक्ष
तकनीकी सेवाएं प्रभाग
भाभापरमाणुअनुसंधानकेंद्
भारत के राष्ट्रपति केलिए एवं उनकी ओर से